अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 5 जनवरी 2026
माघ कृष्ण-द्वितीया
विक्रम संवत-2082

PAGE NO, 05, MIDDLE

# रिद्धिमा में सजी म्युजिकल सागा की शाम

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम म्युजिकल सागा के नाम रही। गीत, संगीत और नृत्य से गुरुजनों ने नए वर्ष का स्वागत किया। इंस्ट्रूमेंटल संगीत की प्रस्तुति से गुरुओं ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

गायन गुरु प्रियंका ग्वाल व सात्विक मिश्रा ने ''लागा चुनरी में दाग'' को स्वर दिया और इसे भरतनाट्यम के भावों में पिरोकर नाट्य गुरु तनाया भट्टाचार्य-ने और भी यादगार बना दिया। दोनों गायन गुरुओं की प्रस्तुति ''ओ रे पिया हाय... पर गुरु देवाज्योति और रियाश्री चटर्जी ने कथक नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। अंतिम प्रस्तुति के रूप में अतिथि गायक इंदू परडल ने मंच संभाला और विभिन्न फिल्मों के लोकप्रिय गीतों का गुलदस्ता मेडले प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा गंगवार ने किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा मौजूद रहे। संवाद